नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 17.12.2020

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 17.12.2020 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने सार्वजनिक,सामुदायिक एवं पिंक महिला शौचालयो की साफ–सफाई का किया गया निरीक्षण।**

नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 17.12.2020 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने सार्वजनिक,सामुदायिक एवं पिंक महिला शौचालयों की साफ–सफाई का निरीक्षण किया गया। नगर निगम के द्वारा जनसामान्य की सुविधा के लिये नगर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित सार्वजनिक,सामुदायिक एवं पिंक महिला शौचालयो की नियमित रूप से साफ–सफाई हेतु सम्बन्धित सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज इस आशय से निर्मित सार्वजनिक,सामुदायिक एवं पिंक महिला शौचालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालयों में जलापूर्ति की व्यवस्था,हैण्डवॉश,सेनेटाईजेशन आदि व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। मो0 बहादुरपुरा में सार्वजनिक,सामुदायिक शौचालयो में सफाई की व्यवस्था अत्याधिक संतोषजनक नही पाई गई। सम्बन्धित सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि शौचालयो में नियमित सफाई सुनिश्चित कराई जाये। निरीक्षण के दौरान यदि सफाई व्यवस्था पूर्ण संतोषजनक नही पाई जाती है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर विभागीय/अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के कम में उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता द्वारा इन्द्रानगर ऋषि आश्रम के पास, एस0पी0आफिस के पास, खिरनीबाग सराय,शहीद उद्यान नाले के किनारे, महमंद जलालनगर/सुभाषनगर, नगर निगम कार्यालय के पास, रोडवेज परिसर, तारीन जलालनगर, खटकाना, बरेली मोड़ स्थित, अब्दुल्लागंज, भारद्वाजी,मालखाना, मोहम्मदजई, मण्डी ककरा खुर्द एवं हनुमतधाम में निर्मित शौचालयो का निरीक्षण किया गया। नगर निगम के अधिकारियो ने अपनी उपस्थिति में शौचालयो की साफ–सफाई कराई एवं क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि शौचालयो की नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित कराई जाये।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर